[A-54] Seat No.: __________ No. of printed pages: 3

SARDAR PATEL UNIVERSITY
S. Y. B. A. (External) Examination
9th May 2016 (Monday)
2.30 pm – 5.30 pm
HIN 203 : आधुनिक हिन्दी काव्य (काव्यालोक) – III

कुल अंक : १००

प्र. १ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । (१६)

(क) ''मैं पलकों में पाल रही हूँ सपना सुकुमार किसीका ।
जाने क्यों कहता है कोई
मैं तम की उलझन में खोई,
धूम मची वीथी-वीथी में,
लुक छिपकर विद्युत-सी रोई ।''

अथवा

(क) 'कंधों को रहने दो हमेशा इस यकीन के काबिल
कि सिर टिकाकर कोई रो सके उन पर जी भर
अपने कंधों में किसी शर्म को जगह मत दो
यह जगह सिर्फ उन फरिश्तों के लिए है
जो रात-दिन रखते हैं
तुम्हारी नेकी और बदी का हिसाब ।''

(ख) ''ओ मेरे अज्ञात, अनाम पुरखो
तुम्हारे मूक शब्द
जल रहे हैं
दहकती राख की तरह
राख जो लगातार काँप रही है
रोष में भरी हुई ।''

अथवा

(ख) ''तुम शान्ति नहीं ला पाए युद्धों के द्वारा
अब फेंक जरा तलवार, प्यार लेकर देखो,
सच मानों निश्चय विजय तुम्हारी ही होगी,
दुश्मन को अपना हृदय जरा देकर देखो ।''

प्र. २ ''जयशंकर प्रसाद प्रेम और सौन्दर्य के कवि है ।'' - स्पष्ट कीजिए । (१६)

अथवा

प्र. २ नागार्जुन की काव्यगत वेशेषताएँ बताइए । (१६)

प्र. ३ गीत विधा के विकास में नीरज का योगदान बताइए । (१६)

अथवा

प्र. ३ ''महादेवी वर्मा वेदना और करुणा की कवयित्री है ।'' - स्पष्ट कीजिए । (१६)

प्र. ४ टिप्पणी लिखिए । (१६)

(क) 'शिक्षा' कविता में व्यक्त कवि के विचार ।

अथवा

(क) 'दंगों के बाद' कविता में दंगों के बाद का चित्रण ।

(ख) 'अरुण यह मधुमय देश हमारा' - काव्य में प्रकृति चित्रण ।

अथवा

(ख) 'घिन तो नहीं आती है?' - कविता में सर्वहारा वर्ग के प्रति कवि की संवेदना ।

प्र. ५ द्रुतपाठ - लघुत्तरी प्रश्न लिखिए । (१६)

(क) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना का साहित्यिक परिचय ।

अथवा

(क) रामधारी सिंह दिनकर की कविता में व्यक्त राष्ट्र भावना ।

(ख) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता का भावार्थ ।

अथवा

(ख) 'पथ की पहचान' कविता का भावार्थ ।

प्र. ६ वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर लिखिए । **(कोई बीस)** (२०)

(१) मैथिलीशरण गुप्त की दो रचनाओं के नाम बताइए ।
(२) गुप्तजी की किस रचना में देशप्रेम की भावना व्यक्त हुई है?
(३) 'यामा' में संकलित महादेवी वर्मा की दो रचनाओं के नाम बताइए ।
(४) 'आधुनिक कबीर' का उपनाम किसे दिया गया है?
(५) छायावादी कविता के चार आधारस्तंभ कौन है?
(६) 'नीरज' किस कवि का उपनाम है?
(७) रघुवीर सहाय की प्रमुख रचनाओं के नाम लिखिए ।
(८) 'कंधे' कविता में कंधा किसका प्रतीक है?
(९) ओमप्रकाश वाल्मिकी के काव्य संग्रहों का नाम बताइए ।

(१०) 'रुँधे हुए शब्द' कविता का मिथक स्पष्ट कीजिए ।
(११) हालावाद के प्रमुख कवि का नाम बताइए ।
(१२) हिन्दी साहित्य जगत में बच्चनजी की प्रसिद्धि का क्या कारण है?
(१३) सर्वेश्वरदयाल सक्सेना की कविताएँ किस सप्तक में संकलित है?
(१४) अरुण कमल के काव्य संग्रह का नाम बताइए ।
(१५) अर्चना वर्मा रचित कहानियों का संकलन किस नाम से प्रकाशित है?
(१६) कवि निराला का पूरा नाम बताइए ।
(१७) 'मतवाला' पत्रिका में निराला की सबसे पहली कौन-सी कविता छपी थी?
(१८) हिन्दी का सबसे प्रथम शोकगीत किसने लिखा? उसका नाम बताइए ।
(१९) 'वह तोड़ती पत्थर' कविता में किस शहर का वर्णन है?
(२०) 'दिनकर' शब्द का अर्थ लिखिए ।
(२१) निराला के दो काव्य संग्रह के नाम बताइए ।
(२२) हिन्दी में मुक्त छन्द का प्रारंभ किसने किया और किस कविता से?